सोलर सिटी और कुसुम योजना के लेटर ऑफ अवार्ड वितरित

चर्चा में क्यों?

13 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं महाभियान'(कुसुम 'ए'एवं 'सी) के साथ साँची सोलर सिटी सौर परियोजनाओं की स्थापना के लिये चयनित विकासकों और किसानों को लेटर ऑफ अवार्ड वितरित किया।

प्रमुख बिंदु

- ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग और ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज दंडोतिया ने कुसुम 'ए' योजना में चयनित 9 किसान और डेवलपर को 14 मेगावाट के लेटर ऑफ अवार्ड का वितरण किया।
- साँची के पहाड़ी क्षेत्र की भूमि पर 8 मेगावाट के सौर संयंत्र की स्थापना हेतु डेवलपर नेशनल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक वी.के. सिन्हा ने लेटर ऑफ अवार्ड ग्रहण किया।
- गौरतलब है कि ऊर्जा विकास निगम द्वारा प्रदेश में चिह्नित 900 से अधिक सब-स्टेशनों पर सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिये 4 चरण में लगभग 112 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिये चयनित सौर ऊर्जा उत्पादकों के पावर मैनेजमेंट कंपनी के साथ 71 मेगावाट के विद्युत क्रय अनुबंध किये जा चुके हैं।
- मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि कुसुम 'सी'योजना किसान, शासन, जनता और पर्यावरण, सभी के लिये बहुत अच्छी योजना है। किसान बिजली बेचकर आय अर्जित करता है। लगभग 1000 किसानों के पंप सौर ऊर्जीकृत करने के निर्देश जारी कर दिये गए हैं। किसानों को इससे न केवल सिंचाई की सुविधा मिलेगी बल्कि दिन में बिजली भी मिलेगी।
- योजना में सोलर संयंत्र स्थापना के लिये 30 प्रतिशत केंद्रीय सहायता राशि प्रदान की जाती है। चयनित डेवलपर्स को 4 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र की स्थापना के लिये परियोजना आवंटन पत्र दिये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/letter-of-award-distributed-for-solar-city-and-kusum-yojana